सत्यमेव जयते

# राजस्थान सरकार

# उपभोक्ता मामले विभाग

**क्रमांक. F89(27)/CAD/Direct selling Rules/2021-00033** **दिनांक.**

## उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 के अन्तर्गत गठित निगरानी तंत्र के दिशा-निर्देश

निगरानी तंत्र, प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं और प्रत्यक्ष विक्रेताओं की गतिविधियों की निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए है, ताकि उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण किया जा सके, जैसा कि उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 के नियम 11 के अनुसार है, जिसे भारत सरकार द्वारा सा.का.नि.-889 (अ), दिनांक: 28.12.2021 के माध्यम से अधिसूचित किया गया है, जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 101 की उप-धारा (2) के खंड (यछ) और धारा 94 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए किया गया है। **उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021** के नियम 11 में यह प्रावधान किया गया है कि प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं और प्रत्यक्ष विक्रेताओं द्वारा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक राज्य सरकार प्रत्यक्ष विक्रेताओं और प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं की गतिविधियों की निगरानी या पर्यवेक्षण के लिए एक तंत्र स्थापित करेगी। उक्त नियम के तहत प्रत्यक्ष बिक्री की समस्त गतिविधियों को विनियमित करने के लिए निम्नानुसार निगरानी प्राधिकरण स्थापित किया जाता है।

**1. <u>निगरानी प्राधिकरण की संरचना</u>**

निगरानी प्राधिकरण में निम्नलिखित शामिल होंगे:-

| | | |
|---|---|---|
| **1** | प्रमुख शासन सचिव, उपभोक्ता मामले | अध्यक्ष |
| **2** | अतिरिक्त/प्रमुख शासन सचिव, (वित्त) के नामिति, जो विशिष्ट सचिव/संयुक्त सचिव के पद से नीचे का न हो | सदस्य |
| **3** | प्रमुख शासन सचिव, विधि अथवा नामिति विशिष्ट सचिव/संयुक्त सचिव के पद से नीचे का न हो | सदस्य |
| **4** | सचिव, कर विभाग अथवा नामिति; जो, उप-सचिव के पद से नीचे न हो | सदस्य |
| **5** | नियंत्रक, विधिक मापविज्ञान, राजस्थान | सदस्य |
| **6** | खाद्य सुरक्षा आयुक्त अथवा नामिति जो अतिरिक्त आयुक्त के पद से नीचे न हो | सदस्य |
| **7** | आयुक्त, सी.जी.एस.टी, विभाग अथवा नामिति जो संयुक्त आयुक्त के पद से नीचे न हो | सदस्य |
| **8** | पंजीयक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग | सदस्य |
| **9** | आर्थिक अपराधों से निपटने वाले पुलिस विभाग से ए.डी.जी.पी./आई.जी. रेंक के अधिकारी | सदस्य |
| **10** | लीगल केयर कंसल्टेंटस (विषय विशेषज्ञ-राज्य सरकार द्वारा नामित) | सदस्य (अधिकतम दो वर्ष) |
| **11** | निदेशक, उपभोक्ता मामले विभाग | राज्य स्तरीय नोडल ऑफिसर/ सदस्य सचिव |

**2. <u>नोडल विभाग</u>**

a) उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान प्रत्यक्ष बिक्री से संबंधित समस्त गतिविधियों के विनियमन, पर्यवेक्षण एवं निगरानी हेतु नोडल विभाग होगा।

b) निदेशक, उपभोक्ता मामले प्रत्यक्ष बिक्री से संबंधित समस्त गतिविधियों हेतु राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी होंगे।

c) निदेशक, उपभोक्ता मामले, उक्त दिशा निर्देशों के अनुपालन, प्रवर्तन, निगरानी, नामांकन करने तथा निरस्तीकरण हेतु राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में सक्षम प्राधिकारी होंगे।

**3. <u>निगरानी प्राधिकरण के उद्देश्य</u>**

a) उपभोक्ताओं के खिलाफ धोखाधड़ी को रोकने, उपभोक्ताओं के वैध अधिकारों की रक्षा करने, उपभोक्ताओं द्वारा प्राप्त प्रत्यक्ष बिक्री के सभी मॉडलों में अनुचित व्यापार प्रथाओं के सभी रूपों को प्रतिबंधित करने, पिरामिड स्कीम और धन परिसंचरण योजनाओं के सभी रूपों को प्रतिबंधित करने या उपभोक्ताओं के हित में प्रत्यक्ष बिक्री व्यवसाय करने की आड़ में ऐसी योजना में किसी भी व्यक्ति को नामांकित/भागीदारी करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 के अनुसार प्रत्यक्ष बिक्री के व्यवसाय को विनियमित करना;



RajKaj Ref No.: 15131308

eSign DSC

b) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 और इसके तहत बनाए गए नियमों, अर्थात उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 के अनुपालन के संबंध में प्रत्यक्ष विक्रेताओं, प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं की गतिविधियों की निगरानी/पर्यवेक्षण करना।

**4. <u>निगरानी प्राधिकरण के कर्तव्य:</u>**

a) राजस्थान राज्य में प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार चलाने के लिए प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं के पंजीयन के लिए सुविधाएँ प्रदान करना;

b) प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं और प्रत्यक्ष विक्रेताओं द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और इसके तहत बनाए गए नियमों, विधिक माप विज्ञान अधिनियम और इसके तहत बनाए गए नियमों और अन्य लागू अधिनियमों और नियमों के प्रावधानों के उल्लंघन के विरूद्ध आम उपभोक्ताओं/प्रत्यक्ष विक्रेताओं से शिकायतें प्राप्त करने के लिए उपयुक्त मंच प्रदान करना;

c) प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं/प्रत्यक्ष विक्रेताओं द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों, विधिक माप विज्ञान अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों तथा अन्य लागू अधिनियमों और नियमों; यदि कोई हो, के प्रावधानों के उल्लंघन/उल्लंघन के बारे में संबंधित प्रवर्तन प्राधिकारियों को सूचित करना, जैसा कि निगरानी प्राधिकरण के संज्ञान में आया हो या देखा गया हो;

d) सभी प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं और उनके प्रत्यक्ष विक्रेता का डाटाबेस संधारण, कार्यालय/कार्यालयों का पता, अधिकृत व्यक्तियों के संपर्क विवरण, उत्पाद विवरण, ऐसे प्रारूप में; जो उपयुक्त माना जा सकता है, जिसमें सभी ब्लैक-लिस्टेड संस्थाओं का डाटाबेस शामिल है। डाटाबेस को संबंधित पंजीकरण अधिकारियों के साथ साझा और सत्यापित किया जाएगा।

**5. <u>निगरानी प्राधिकरण की शक्तियाँ:</u>**

निगरानी प्राधिकरण को निम्नलिखित शक्तियाँ प्रदान की जाएँगी:-

a) किसी भी प्राप्त शिकायत की जाँच और अनुसंधान तथा नियमों की अनुपालना हेतु स्वप्रेरित जाँच करना।

b) प्रत्यक्ष विक्रय इकाई के किसी कार्यालय/शाखा कार्यालय में प्रवेश करने या कराने का अधिकार।

c) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और इसके तहत बनाए गए नियमों के उल्लंघन या किसी अन्य कानून के उल्लंघन की जानकारी संबंधित प्राधिकरण को देना, जो इसकी ध्यान में आया है, और उचित कार्रवाई करने का अनुरोध करना।

d) प्रत्यक्ष विक्रेताओं, उपभोक्ताओं या प्रभावित व्यक्तियों से शिकायतें राज्य/राष्ट्रीय उपभोक्ता हैल्पलाइन नंबर या किसी अन्य माध्यम से स्वीकार करना।

6. **<u>बैठकें</u>**

निगरानी प्राधिकरण छः माह में एक बार बैठक करेगी और प्रत्यक्ष बिक्री परिचालन निर्देशों, प्रत्यक्ष बिक्री नियमों की प्रभावशीलता की समीक्षा करेगी। यदि आवश्यक हो, तो मौजूदा नियमों या दिशा-निर्देशों में संशोधन वर्तमान स्थिति के आधार पर किए जा सकते हैं; तब निगरानी प्राधिकरण मार्गदर्शन और सुझाव प्रदान करेगी।

7. राजस्थान राज्य के निदेशक, उपभोक्ता मामले या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं या प्रत्यक्ष विक्रेताओं की दैनिक आधार पर निगरानी करेंगे।

8. <u>राज्य में उपभोक्ता मामले विभाग की अनुमति के बिना प्रत्यक्ष बिक्री संबंधी व्यवसाय नहीं किया जावेगा।</u>

9. <u>उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के सभी धाराएँ और नियम, साथ ही उन पर किए गए अन्य संशोधन, तथा प्रत्यक्ष बिक्री नियम, 2021 और उनके संशोधन, और इसके अंतर्गत जारी किए गए अन्य नियम, संशोधन और परिपत्र सभी प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं, प्रत्यक्ष विक्रेताओं और प्रत्यक्ष बिक्री के व्यवसाय में संलग्न किसी भी व्यक्ति पर लागू होंगे।</u>

10. **परिभाषाएँ**

(a) **प्रत्यक्ष बिक्री :** इसका अर्थ है स्थायी खुदरा स्थान के अलावा विक्रेताओं के नेटवर्क के माध्यम से वस्तुओं का विपणन, वितरण और बिक्री या सेवाओं का प्रावधान।

(b) **प्रत्यक्ष बिक्री इकाई :** इसका अर्थ है वह प्रमुख इकाई जो विक्रेताओं के नेटवर्क के माध्यम से सीधे माल या सेवाएँ बेचती है या बेचने की पेशकश करती है। लेकिन, इसमें वह इकाई शामिल नहीं है जो पिरामिड योजना या धन संचलन योजना में लगी हुई है।

(c) **धन परिचालन योजना :** इसका तात्पर्य पुरस्कार चिट एवं धन परिचालन योजना (प्रतिबंध) अधिनियम, 1978 की धारा 2 के खंड (ग) में परिभाषित योजनाओं से है।

(d) **प्रत्यक्ष विक्रेता :** इसका तात्पर्य एक ऐसे व्यक्ति से है जिसे प्रत्यक्ष विक्रय इकाई द्वारा कानूनी रूप से लागू लिखित अनुबंध के माध्यम से प्रिंसिपल से प्रिंसिपल के आधार पर प्रत्यक्ष बिक्री व्यवसाय करने के लिए अधिकृत किया गया है।

(e) **विक्रेताओं का नेटवर्क :** इसका तात्पर्य प्रत्यक्ष विक्रेताओं के एक नेटवर्क से है, जो प्रत्यक्ष विक्रय इकाई द्वारा केवल ऐसी बिक्री से प्रतिफल प्राप्त करने के उद्देश्य से वस्तुओं या सेवाओं को बेचने के लिए बनाया जाता है।

(f) **पिरामिड योजना :** इसका अर्थ है किसी योजना के लिए उपभोक्ताओं का बहुस्तरीय नेटवर्क, जिसका गठन उपभोक्ताओं द्वारा, योजना में अतिरिक्त उपभोक्ताओं के नामांकन या कार्य या प्रदर्शन के परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई लाभ प्राप्त करने के लिए किया जाता है, जिसमें नए उपभोक्ताओं को नामांकित करने वाले उपभोक्ता उच्चतर स्थान पर होते हैं तथा नामांकित उपभोक्ता निम्नतर स्थान पर होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप यदि लगातार नामांकन वाले उपभोक्ता हों तो बहुस्तरीय नेटवर्क बन जाता है।

(g) **अपील प्राधिकारी से तात्पर्य** प्रथम अपीलीय अधिकारी सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान तथा द्वितीय अपील अधिकारी मंत्री, उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान से है, जिसकी अधिकारिता सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश के रूप में रहेगी ।

**11. <u>राजस्थान में व्यवसाय करने के लिए प्रत्यक्ष विक्रेता, प्रत्यक्ष बिक्री इकाई का नामांकन</u> :**

(a) **कोई** भी प्रत्यक्ष बिक्री इकाई या ऐसा कोई अन्य व्यक्ति राजस्थान राज्य में प्रत्यक्ष बिक्री व्यवसाय में तब तक संलग्न नहीं होगा, जब तक कि ऐसी इकाई ने में परिशिष्ट-1 में दिए गए निर्धारित प्रारूप में आवेदन दाखिल करके प्राधिकरण/नोडल विभाग (उपभोक्ता मामले विभाग) के साथ पंजीकरण/नामांकित न किया हो।

(b) प्रत्यक्ष बिक्री संस्था का राजस्थान में न्यूनतम एक शाखा/पंजीकृत कार्यालय होना चाहिए।

(c) आवेदक प्रत्यक्ष बिक्री संस्था के प्रमोटर/निदेशकों/भागीदारों का प्रोफाइल, आवश्यक अनुमति/लाइसेंस/सामान्य और कर संबंधी जानकारी के साथ, स्व-घोषणा आवेदन प्रारूप में परिशिष्ट-1 में प्रस्तुत की जानी चाहिए। इसके साथ ही, एक नोटेरी द्वारा सत्यापित शपथपत्र/घोषणा को परिशिष्ट-2 व 3 में दिए गए निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए, साथ ही निर्धारित आवेदन पत्र में उल्लिखित परिशिष्ट-4 के रूप में संलग्नक भी शामिल होने चाहिए।

(d) यदि उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 का कोई उल्लंघन प्रथम दृष्टया पाया जाता है या आवश्यक दस्तावेज दाखिल नहीं किए जाते हैं, तो राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी ( निदेशक, उपभोक्ता मामले विभाग) प्रत्यक्ष बिक्री इकाई का नामांकन के आवेदन को रद्द कर सकती है।

(e) प्रत्यक्ष बिक्री इकाई या प्रत्यक्ष विक्रेता को व्यवसाय शुरू करने से पहले संबंधित सरकारी विभागों से उन उत्पादों के लिए लाइसेंस लेना होगा, जिनका वे व्यापार करना चाहते हैं। इसके बाद, आवश्यक लाइसेंस और अनुमति प्राप्त करने के बाद व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक नामांकन के लिए निदेशक, नोडल विभाग (उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान) से संपर्क करना होगा, ऐसा नामांकन निम्नलिखित के अधीन होगा-

(i) प्रत्यक्ष बिक्री इकाई का पूर्व भौतिक सत्यापन।

(ii) प्रत्यक्ष विक्रेताओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए अनुमति/लाइसेंस देने से पहले निदेशक, नोडल विभाग उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान द्वारा प्रत्यक्ष बिक्री इकाई द्वारा प्रस्तुत अपेक्षित दस्तावेजों के संबंध में प्रस्ताव की विस्तृत जांच की जाएगी।

(iii) प्रत्यक्ष विक्रय इकाई की साख की जांच की जाएगी।

(f) नोडल विभाग (उपभोक्ता मामले विभाग) को प्रत्यक्ष बिक्री इकाई के प्रस्ताव को अनुमति देने या अस्वीकार करने का अधिकार है ।

बशर्ते कि इसके निपटारे से पहले किसी भी समय, नोडल विभाग (उपभोक्ता मामले विभाग) नोटिस जारी कर आवेदक संस्था और विक्रेता से सही जानकारी/दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग कर सकती है , यदि नोटिस में निर्दिष्ट समय के भीतर सही आवेदन/दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं, तो नोडल विभाग (उपभोक्ता मामले विभाग) को नामांकन के लिए उसके आवेदन को अस्वीकार करने की शक्ति होगी।

(g) सरकार द्वारा प्रत्यक्ष बिक्री इकाई का नामांकन पूरी तरह से आवेदक द्वारा निर्धारित नामांकन आवेदन पत्र में दिए गए विवरणों के आधार पर किया जाएगा, जो नामांकित इकाई और विक्रेता को खुद को सरकार द्वारा अनुमोदित एजेंसियों के रूप में प्रस्तुत करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं देता है। बल्कि नामांकन का उद्देश्य नोडल विभाग (उपभोक्ता मामले विभाग) को उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा में प्रभावी तरीके से अपने उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम बनाना है।

सत्यमेव जयते

# राजस्थान सरकार
# उपभोक्ता मामले विभाग

(h) **नामांकन शुल्क-** प्रत्यक्ष बिक्री संस्था के नामांकन के लिए आवेदन करने वाली प्रत्यक्ष बिक्री संस्था को ऐसे नामांकन संख्या जारी करने के लिए 5,000 (अक्षरे रूपये पांच हजार) रुपये या समय-समय पर निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके अलावा, ऐसे नामांकन शुल्क को “राज्य उपभोक्ता कल्याण कोष” के पी.डी. खाते में जमा किया जाएगा और इस निधि का उपयोग उपभोक्ताओं की जागृति एवं प्रचार-प्रसार के लिए किया जावेगा।

(i) **निम्नलिखित** स्थितियों में, हर पंजीकृत प्रत्यक्ष बिक्री संस्था को नोडल विभाग (उपभोक्ता मामले विभाग) के समक्ष प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में होने वाले किसी भी परिवर्तन/अपडेट के बारे में 30 दिनों के भीतर सूचना देनी होगी। प्रथमत: नामांकन के पश्चात किसी भी प्रकार के परिवर्तन/अपडेट के परिप्रेक्ष्य में शुल्क 1000 (अक्षरे रूपये एक हजार) या समय-समय पर निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।

i. पंजीकरण विवरण
ii. व्यापार योजना (Business Plan/Compersation Plan/Marketing Plan)
iii. निदेशक, प्रमुख प्रबंधन व्यक्ति
iv. नोडल/अनुपालन/शिकायत निवारण अधिकारी
v. पंजीकृत/कॉर्पोरेट/क्षेत्रीय कार्यालय में परिवर्तन
vi. शाखा या अन्य कार्यालयों की वृद्धि/हटाना
vii. कोई अन्य महत्वपूर्ण परिवर्तन या अन्य अधिसूचित परिवर्तन

12. **<u>अभिलेखों का अनिवार्य रखरखाव</u> :**

a) प्रत्यक्ष बिक्री इकाई को उन उत्पादों के संबंध में संबंधित विभागों से सभी अपेक्षित अनुमतियाँ/लाइसेंस/पंजीकरण लेना होगा, जिन पर वे प्रत्यक्ष बिक्री का व्यवसाय करना चाहते हैं।

b) प्रत्येक प्रत्यक्ष बिक्री इकाई अपने पंजीकृत कार्यालय में, मैन्युअल रूप से या इलेक्ट्रॉनिक रूप से, ऐसे सभी दस्तावेजों को बनाए रखेगी, जो किसी भी कानून के तहत आवश्यक हैं, जिसमें उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 के नियम संख्या 4 के अनुसार निम्नलिखित दस्तावेज या रिकॉर्ड शामिल हैं, जो लागू हो सकते हैं, अर्थात:

i. निगमन प्रमाणपत्र;
ii. एसोसिएशन का ज्ञापन और एसोसिएशन का अनुच्छेद (कंपनी के मामले में); साझेदारी विलेख (साझेदारी फर्म/एलएलपी के मामले में)
iii. स्थायी खाता संख्या(PAN) और कर कटौती और संग्रह खाता संख्या(TAN);
iv. माल और सेवा कर पंजीकरण और माल और सेवा कर रिटर्न;
v. आयकर रिटर्न;
vi. बैलेंस शीट, ऑडिट रिपोर्ट और ऐसी अन्य प्रासंगिक रिपोर्टें;
vii. प्रत्यक्ष विक्रेताओं का रजिस्टर;
viii. आयातक-निर्यातक कोड का प्रमाण पत्र (आयातित माल के मामले में);
ix. खाद्य पदार्थों के विनिर्माण या बिक्री के प्रयोजनों के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण अधिनियम, 2006 के तहत जारी लाइसेंस;
x. ट्रेडमार्क पंजीकरण प्रमाणपत्र;
xi. आयुर्वेदिक, सिद्ध, यूनानी औषधियों और होम्योपैथिक दवाओं सहित औषधियों के विनिर्माण या बिक्री के प्रयोजन के लिए औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अंतर्गत जारी लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र।
xii. उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान द्वारा निर्धारित कोई अन्य दस्तावेज या रिकॉर्ड।

13. **<u>प्रत्यक्ष बिक्री इकाई के दायित्व</u>** : प्रत्येक प्रत्यक्ष विक्रय इकाई को

a) यदि कंपनी है, तो कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित हो या साझेदारी फर्म है, तो साझेदारी अधिनियम, 1932 के तहत पंजीकृत हो या सीमित देयता भागीदारी है, तो सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 के तहत पंजीकृत हो।

b) भारत में कम से कम एक भौतिक स्थान पर शाखा/पंजीकृत कार्यालय और राजस्थान में एक शाखा/पंजीकृत कार्यालय होना चाहिए;

c) इस आशय की स्व-घोषणा करें कि उसने इन नियमों के प्रावधानों का अनुपालन किया है और वह किसी पिरामिड योजना या धन संचलन योजना में शामिल नहीं है;

d) नियम 4 में निर्दिष्ट दस्तावेज़ या रिकॉर्ड, खंड (सी) में निर्दिष्ट स्व-घोषणा, संपर्क जानकारी जो वर्तमान और अद्यतन है, इसके नोडल अधिकारी, शिकायत निवारण अधिकारी, इसके प्रबंधन, उत्पादों, उत्पाद जानकारी, मूल्य और उपभोक्ताओं के लिए शिकायत निवारण तंत्र के विवरण सहित उस इकाई के सभी प्रासंगिक विवरणों के साथ उचित और अद्यतन वेबसाइट बनाए रखें।


RajKaj Ref No.: 15131308
eSign DSC

e) किसी ट्रेडमार्क, सेवा चिन्ह या किसी अन्य पहचान चिन्ह का स्वामी, धारक या लाइसेंसधारी नहीं होगा, जो उस इकाई को बेची या आपूर्ति की जाने वाली वस्तुओं या सेवाओं के साथ पहचान प्रदान करता है, लेकिन उन वस्तुओं या सेवाओं की बिक्री पर कमीशन, बोनस या प्रोत्साहन नहीं देगा, जिनके ट्रेडमार्क, सेवा चिन्ह या अन्य पहचान चिन्हों का वह स्वामी, धारक या लाइसेंसधारी नहीं है।

f) स्थायी खाता संख्या और माल एवं सेवा कर पंजीकरण सहित सभी लागू व्यापार पंजीकरण और लाइसेंस प्राप्त करें;

g) कंपनी द्वारा अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई सभी जानकारी को कंपनी सचिव से विधिवत प्रमाणित करवाएं।

**<u>स्पष्टीकरण:-</u>** इस खंड के प्रयोजन के लिए, “कंपनी सचिव” का तात्पर्य कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (सी) में परिभाषित व्यक्ति से है।

h) अपने प्रत्यक्ष विक्रेताओं के साथ पूर्व लिखित अनुबंध करें ताकि उन्हें अपने माल या सेवाओं को बेचने या बेचने की पेशकश करने के लिए अधिकृत किया जा सके, और ऐसे समझौते की शर्तें न्यायसंगत, निष्पक्ष और समतामूलक होंगी।

i) यह सुनिश्चित करें कि उसके सभी प्रत्यक्ष विक्रेताओं के पास सत्यापित पहचान और भौतिक पता हो तथा केवल ऐसे प्रत्यक्ष विक्रेताओं को ही पहचान पत्र और दस्तावेज जारी करें।

j) यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय बनाएं कि उसके प्रत्यक्ष विक्रेताओं द्वारा दी जाने वाली वस्तुएं और सेवाएं लागू कानूनों के अनुरूप हों।

k) अपने प्रत्यक्ष विक्रेताओं द्वारा माल या सेवाओं की बिक्री से उत्पन्न शिकायतों के लिए उत्तरदायी होगा।

l) प्रत्येक तिमाही के अंत में तथा वार्षिक आधार पर नोडल विभाग को निर्धारित प्रपत्र में अपना व्यवसाय विवरण प्रस्तुत करना होगा ।

m)जीएसटी, आयकर और अन्य व्यापार नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

n) पिरामिड योजनाओं और धन परिसंचरण योजनाओं पर प्रतिबंध लगाएँ।

o) उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 के तहत निर्दिष्ट अन्य दायित्वों का पालन करें

14. **प्रत्यक्ष विक्रेता का दायित्व :** प्रत्येक प्रत्यक्ष विक्रेता करेगा:

a) प्रत्यक्ष बिक्री इकाई की वस्तु या सेवा को बेचने का कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व प्रत्यक्ष बिक्री इकाई के साथ एक पूर्व लिखित अनुबंध करेगा।

b) किसी भी बिक्री प्रतिनिधित्व की शुरुआत पर, अपने आपको स्पष्ट रूप से प्रकट करें, प्रत्यक्ष बिक्री संस्था की पहचान, व्यवसाय का पता, बेची जाने वाली वस्तु या सेवाओं की प्रकृति और इस प्रकार के आमंत्रण का उद्देश्य संभावित उपभोक्ता को बताएं।

c) संभावित उपभोक्ता को सटीक और पूर्ण जानकारी, वस्तुओं और सेवाओं का प्रदर्शन, मूल्य, क्रेडिट शर्तें, भुगतान की शर्तें, वापसी, विनिमय, धनवापसी नीति, गारंटी की शर्तें और बिक्री के बाद की सेवा प्रदान करें।

d) उपभोक्ता को प्रारंभिक बिक्री के समय या उससे पहले एक आदेश फॉर्म प्रदान करें, जिसमें सीधे प्रत्यक्ष संस्था और प्रत्यक्ष विक्रेता की पहचान होनी चाहिए और विक्रेता का नाम, पता, पंजीकरण संख्या या नामांकन संख्या, पहचान प्रमाण और संपर्क नंबर, आपूर्ति किए जाने वाले वस्तुओं या सेवाओं का पूरा विवरण, वस्तुओं का निर्माण स्थान निर्माता आदेश की तारीख, उपभोक्ता द्वारा भुगतान की जाने वाली कुल राशि, नमूने के निरीक्षण और वस्तुओं की डिलीवरी का समय और स्थान, उपभोक्ता के आदेश को रद्द करने या बिक्री योग्य स्थिति में उत्पाद को वापस करने का अधिकार और धनवापसी प्राप्त करने की जानकारी और प्रत्यक्ष बिक्री संस्था की शिकायत निवारण प्रक्रिया के बारे में पूर्ण विवरण शामिल होना चाहिए।

e) वस्तु और सेवा कर पंजीकरण, स्थायी खाता संख्या पंजीकरण, सभी लागू व्यापार पंजीकरण और लाइसेंस प्राप्त करें और उत्पाद की बिक्री के लिए लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करें।

f) यह सुनिश्चित करें कि उपभोक्ता को दिया गया वास्तविक उत्पाद दिए गए उत्पाद के विवरण से मेल खाता हो।

g) उपभोक्ता द्वारा प्रदान की गई सभी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाएं, जो वर्तमान में लागू कानूनों के अनुसार हो, और अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा डेटा तक पहुंच या दुरुपयोग को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करें।

h) उपभोक्ताओं के बारे में उत्पादों/सेवाओं की प्रकृति या प्रभावशीलता के बारे में कोई भ्रामक या गलत प्रतिनिधित्व न करें।



RajKaj Ref No.: 15131308

eSign DSC

सत्यमेव जयते

# राजस्थान सरकार
# उपभोक्ता मामले विभाग

i) उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 के तहत अन्य दायित्वों का पालन करें।

j) प्रत्यक्ष विक्रेता/इकाई का यह दायित्व रहेगा कि पैकेज के रूप में विक्रय की जाने वाली वस्तुओं के संबंध में विधिक मापविज्ञान अधिनियम, 2009/विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुएँ) नियम 2011 की पालना सुनिश्चित की जावेगी।

**15. <u>झूठे बयान या महत्वपूर्ण जानकारी देने में चूक के संबंध में प्रावधान</u>**

किसी भी व्यक्ति जो इस अधिनियम के तहत पंजीकरण/नामांकन की आवश्यकता के संबंध में कोई जानकारी प्रदान करता है या ऐसा कोई दस्तावेज प्रस्तुत करता है जिसमें ऐसे विवरण हों, जिन्हें वह जानता हो कि वे गलत या भ्रामक हैं, या जिन्हें वह सत्य मानने के लिए विश्वास नहीं करता, या जिनमें ऐसे विवरण हों जिन्हें वह जानता हो कि वे अधूरे हैं या जिन्हें वह पूरा मानने के लिए विश्वास नहीं करता, उसे भारतीय न्याय संहिता के अनुसार दंडनीय होगा ।

**16. <u>प्रत्यक्ष विक्रेताओं के लिए पारिश्रमिक/व्यावसायिक योजना(Compensation/Business Plan/Marketing Plan for Direct sellers)</u>**

पारिश्रमिक योजना में निम्नलिखित शर्तें अनुपालनीय होंगी

a) ऐसा कोई प्रावधान नहीं होगा कि प्रत्यक्ष विक्रेता या प्रत्यक्ष बिक्री एजेंट, जो कर्मचारी नहीं है, को नामांकन (Enrollment) से मुख्य आय के रूप में पारिश्रमिक प्राप्त होगा।

b) ऐसा कोई प्रावधान नहीं होगा कि भागीदारों या अन्य प्रत्यक्ष विक्रेताओं या प्रत्यक्ष बिक्री एजेंटों को, जो कर्मचारी नहीं हैं, को सीधे बिक्री व्यवसाय में नेटवर्क के रूप में भाग लेने के लिए सलाह दी जाती हो ।

c) प्रत्यक्ष विक्रेता या प्रत्यक्ष बिक्री एजेंट, जो कर्मचारी नहीं हैं, का पारिश्रमिक, उपभोक्ताओं को वस्तु या सेवाएं बेचने पर निर्भर करेगा, जिसमें अपने व्यक्तिगत उपयोग या उपभोग के लिए खरीददारी भी शामिल है।

d) प्रत्यक्ष विक्रेताओं को अनुचित मात्रा में माल खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।

e) प्रत्यक्ष विक्रेताओं को अनुचित मात्रा में माल खरीदने के लिए प्रेरित नहीं किया जाएगा।

f) पारिश्रमिक भुगतान के लिए गणना की विधि (गणितीय रूप से गणना की गई विधि/Mathematical Calculated Manner) सत्य और वास्तव में व्यावहारिक होनी चाहिये तथा स्पष्ट रूप से प्रकट भी की जानी चाहिये।

g) निगरानी प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट अन्य शर्तें।

**17. पिरामिड और धन संचलन योजनाओं का निषेध**

a) कोई भी प्रत्यक्ष विक्रय संस्था या प्रत्यक्ष विक्रेता किसी पिरामिड योजना या धन संचलन योजना को बढ़ावा नहीं देगा या उसमें शामिल नहीं होगा।

b) प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं और विक्रेताओं को किसी भी ऐसे व्यवसायिक ढांचे में भाग नहीं लेना चाहिए जो उत्पाद की बिक्री की तुलना में भर्ती को अधिक महत्व देता हो, या अन्यथा पुरस्कार चिट और धन संचलन योजना (प्रतिबंध) अधिनियम, 1978 का उल्लंघन करता हो।

18. उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) 2021 और उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान द्वारा जारी सभी नियमों और विनियमों तथा उनमें किए गए आगे के संशोधनों, यदि कोई हों, का हर तरह से और सद्भावपूर्वक पालन किया जाएगा।

19. **<u>ऑडिट अनुपालन (Audit Compliance)</u>**

a) प्रत्येक प्रत्यक्ष बिक्री इकाई नोडल विभाग द्वारा अपेक्षित होने पर या निर्धारित समय पर अनुपालन ऑडिट के लिए जिम्मेदार होगी।

b) ऐसा अनुपालन लेखा-परीक्षण अनुपालन प्रत्यक्ष बिक्री में अनुभव रखने वाले लेखा-परीक्षक<u>(Compliance Auditor)</u> द्वारा किया जाएगा।

c) अनुपालन लेखापरीक्षा की अवधि पिछले वित्तीय वर्ष की अवधि के लिए आयोजित की जाएगी और लेखापरीक्षकों द्वारा प्रत्यक्ष बिक्री इकाई को कम से कम 30 दिन की अग्रिम सूचना दी जाएगी।

d) प्रत्यक्ष बिक्री इकाई ऐसे लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षकों के साथ सहयोग करेगी।

e) अनुपालन लेखा परीक्षक नोडल विभाग को (दोष/टिप्पणी/लंबित अनुपालन (यदि कोई हो) के साथ अनुपालन लेखा परीक्षा रिपोर्ट(Compliance Audit Report) जारी करेगा।

f) अनुपालन लेखापरीक्षा में प्रत्यक्ष बिक्री इकाई पर सभी लागू कानून और मॉनिटरिंग प्राधिकरण/नोडल विभाग द्वारा तय किए गए अन्य बिंदु भी शामिल होंगे।

**20. <u>प्रवेश और खोज/ तलाशी की शक्ति</u>**

सत्यमेव जयते

# राजस्थान सरकार

# उपभोक्ता मामले विभाग

**नियमों का उल्लंघन होने पर प्रत्यक्ष बिक्री इकाई/प्रत्यक्ष विक्रेता/अन्य मल्टी लेवल मार्केटिंग इकाई/गैर पंजीकृत प्रत्यक्ष बिक्री इकाई के परिसर में प्रवेश करने और तलाशी लेने की शक्ति -** निगरानी प्राधिकरण/ नोडल विभाग विभागीय/ संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे जो विभाग के निर्देशों अथवा अन्य संबंधित विद्यमान विधिक आलोक में निरीक्षण एवं कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

a) इन अधिकारियों के पास इन नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित शक्तियाँ होंगी:

i. निरीक्षण करने या निरीक्षण करवाने का अधिकार।
ii. किसी भी व्यक्ति को प्रत्यक्ष बिक्री इकाई, प्रत्यक्ष विक्रेता, अन्य बहु-स्तरीय विपणन संस्थाओं या गैर-पंजीकृत प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं की वस्तुओं या सेवाओं के संबंध में अपने पास उपलब्ध जानकारी प्रदान करने के लिये बुलाने का अधिकार होगा।
iii. आवश्यकतानुसार सहायता लेकर परिसर में प्रवेश करने और तलाशी लेने का अधिकार होगा।
iv. नोडल अधिकारी को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

b) प्रत्यक्ष बिक्री इकाई को नोडल विभाग या संबंधित विभाग के निरीक्षण अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर रिकॉर्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिसमें इकाई बिक्री कर रही है।

c) संबंधित विभाग के निरीक्षण अधिकारी को अपने विभाग के नियमों के अनुसार समय-समय पर निरीक्षण करने का अधिकार है और प्रत्यक्ष बिक्री इकाई या प्रत्यक्ष विक्रेता को रिकॉर्ड आदि के निरीक्षण के लिए अधिकारी के साथ सहयोग करना चाहिए।

d) संस्था के खिलाफ निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर पंजीकरण/नामांकन/लाइसेंस/ व्यवसाय संचालन की अनुमति को रद्द किया जा सकता है और अन्य कार्यवाही के लिए अन्य सक्षम अधिकारी को भी आवश्यक कार्यवाही के लिए मामला संदर्भित किया जा सकता है।

21. **<u>मॉनिटरिंग प्राधिकरण द्वारा की गई कार्रवाई</u>** –
किसी भी प्रत्यक्ष बिक्री इकाई/प्रत्यक्ष विक्रेता द्वारा निगरानी तंत्र के निर्देशों का उल्लंघन/अनुपालन न करने पर कार्रवाई को गंभीरता से लिया जाएगा तथा उचित तरीके से निपटाया जाएगा। निगरानी प्राधिकरण, ऐसे मामलों में, या तो स्वप्रेरणा से या इस संबंध में प्राप्त किसी शिकायत के आधार पर या निरीक्षण रिपोर्ट पर विश्वास करते हुए, निम्न कार्य कर सकता है:

a) ऐसे नामांकन को रद्द करें या उन प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाओं/प्रत्यक्ष विक्रेताओं को काली सूची में डालें जो निगरानी प्राधिकरण द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस और चेतावनी के बाद भी निगरानी प्राधिकरण के नियमों का बार-बार उल्लंघन कर रहे हैं।
b) ऐसे गैर-अनुपालन के कारोबार को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करें।
c) मामले को केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण या उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 17 से 23 में परिकल्पित ऐसे अन्य प्राधिकरण को भेजें।
d) निगरानी प्राधिकरण, उपर्युक्त मद (a), (b) एवं (c) में प्रस्तावित कार्रवाई आरंभ करने से पहले, प्रत्यक्ष बिक्री इकाई को नोटिस जारी कर सकता है अथवा उन्हें सुनवाई का अवसर देकर उनके विरुद्ध प्रस्तावित कार्रवाई के संबंध में उनका स्पष्टीकरण मांग सकता है।
e) किसी अन्य अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के उल्लंघन के संबंध में मामले को संबंधित प्राधिकारी को उचित कार्यवाही करने के लिये भेज सकता है जैसे कि आयकर, जीएसटी कानून, एफएसएसएआई(FSSAI), पीसीएमसी कानून (PCMC Law), भारतीय न्याय संहिता, औषधि एवं प्रसाधन सामग्री कानून या भारत या राज्य में लागू कोई अन्य कानून जो उसके संज्ञान में आया है तथा इन पर उचित कार्रवाई करने का अनुरोध कर सकता है।

22. **<u>ई-कॉमर्स नियमों का अनुप्रयोग</u>** ; प्रत्यक्ष विक्रेताओं के साथ-साथ बिक्री के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों का उपयोग करने वाली प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाएं उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020 और इसके द्वारा जारी संशोधनों की आवश्यकताओं का अनुपालन करेंगी।

23. **<u>"अपीलीय प्रावधान''</u>** प्रत्यक्ष बिक्री की ईकाई/विक्रेता को निदेशक (उपभोक्ता मामले) विभाग द्वारा पंजीकरण/नामांकन रदद करने, ब्लेक लिस्ट करने या बिन्दु 22 में वर्णित किसी कार्यवाही के विरूद्ध अपील करने का अधिकार होगा।


RajKaj Ref No.: 15131308
eSign DSC

सत्यमेव जयते

# राजस्थान सरकार
# उपभोक्ता मामले विभाग

24. नोडल अधिकारी (निदेशक, उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान) द्वारा पारित किसी आदेश से व्यथित कोई भी व्यक्ति ऐसे आदेश की प्राप्ति की तारीख से (7) दिनों के भीतर अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष ऐसे आदेश के विरुद्ध अपील करेगा।
25. प्रथम अपीलीय अधिकारी प्रभारी सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान तथा द्वितीय अपील माननीय मंत्री, उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान के समक्ष प्रस्तुत की जा सकेगी।

**26. <u>त्रैमासिक और वार्षिक रिटर्न भरना</u>**

(i) प्रत्येक प्रत्यक्ष बिक्री इकाई, नामांकन के बाद, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत से 25 दिनों के भीतर निगरानी प्राधिकरण/नोडल विभाग को परिशिष्ट-5 में त्रैमासिक रिटर्न प्रस्तुत करेगी।

(ii) प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 90 दिनों के भीतर निगरानी प्राधिकरण/ नोडल विभाग परिशिष्ट-6 में वार्षिक रिटर्न प्रस्तुत करेगी ।

(iii) ऐसा न करने पर इसे गंभीरता से लिया जाएगा और उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियमों तथा निगरानी के निर्देश के तहत उचित कार्यवाही की जायेगी।

**27. <u>निषिद्ध उत्पाद या सेवाएँ</u>**

प्रत्यक्ष बिक्री संस्थाएं निम्नलिखित उत्पादों या सेवाओं का सौदा नहीं करेंगी: -

(a) भारतीय मुद्रा, निवेश, कमोडिटीज में ट्रेडिंग, लाइव स्टॉक जीवन बीमा पॉलिसियाँ (जो IRDA द्वारा विनियमित नहीं हैं) डिस्काउंट कूपन/वाउचर

(b) आभासी मुद्रा- (जैसे बिटकॉइन, क्रिप्टो करेंसी)

(c) क्लिक करने, ऑनलाइन सर्वेक्षण भरने, ऑनलाइन विज्ञापन भरने से सम्बंधित कार्य उपहार, सहायता, दान की ऑनलाइन योजनाएँ,

(d) क्राउड फंडिंग

(e) यंत्र और तंत्र जैसे पेचीदा उत्पाद

(f) ऑनलाइन गेम

(g) अन्य अधिसूचित उत्पाद या सेवाएँ

28. **<u>विविध</u>-** प्रत्यक्ष विक्रय संस्थाएं और प्रत्यक्ष विक्रेता उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों, विधिक माप विज्ञान अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों तथा अन्य लागू अधिनियमों और नियमों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए अपना व्यवसाय संचालित करेंगे।

**(पूनम प्रसाद सागर)**
निदेशक, उपभोक्ता मामले विभाग
एवं नियंत्रक, विधिक मापविज्ञान


RajKaj Ref No.: 15131308
eSign DSC

सत्यमेव जयते

# राजस्थान सरकार
# उपभोक्ता मामले विभाग

## परिशिष्ट-1

**पंजीकरण/नामांकन के लिए आवेदन**

| क्र.सं. | विवरण | प्रत्यक्ष विक्रय इकाई द्वारा भरा जाना है |
|---|---|---|
| 1 | कंपनी प्रोफ़ाइल | |
| 2 | प्रत्यक्ष विक्रय इकाई का नाम जैसा पंजीकृत है | |
| 3 | सीआईएन नं. / पंजीयन नं. | |
| 4 | पता संचार<br>i. प्रधान कार्यालय:<br>(पिन कोड, ईमेल आईडी, मोबाइल फोन, एसटीडी कोड के साथ टेलीफोन और कंपनी, वेबसाइट के साथ) | |
| | ii. राजस्थान में शाखा कार्यालय (पिन कोड, ई-मेल, मोबाइल फोन, एसटीडी कोड सहित टेलीफोन और कंपनी की वेबसाइट सहित) | |
| 5 | कंपनी का कर विवरण<br>i. आयकर पंजीकरण संख्या (PAN) | |
| | ii. आयकर टीडीएस पंजीकरण संख्या (TAN) | |
| | iii. जीएसटी पंजीकरण संख्या (GSTIN) | |
| 6 | नाम और संपर्क विवरण | |
| | i. संस्था के निदेशकों/भागीदारों का नाम और संपर्क पता (पिन कोड, आधार संख्या, ईमेल आईडी, मोबाइल फोन नंबर और टेलीफोन कोड के साथ) | |
| | ii. ii. प्रमुख प्रबंधन कार्मिक का नाम और संपर्क पता, साथ ही उनका आधार नंबर, ईमेल आईडी और मोबाइल फोन नंबर | |
| | iii. उपभोक्ता संरक्षण नियम, 2021 के अनुपालन की निगरानी के लिए जिम्मेदार नोडल अधिकारी का नाम और संपर्क पता (पिन कोड, आधार नंबर, ईमेल आईडी, मोबाइल फोन नंबर, ईमेल और टेलीफोन एसटीडी कोड के साथ) | |
| | iv. शिकायतों के निवारण के लिए जिम्मेदार शिकायत निवारण अधिकारी का नाम और पता (पिन कोड, आधार संख्या, ईमेल आईडी, मोबाइल फोन नंबर और टेलीफोन कोड के साथ) | |
| 7 | उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 के अनुसार उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र का विवरण: | |
| 8 | राज्य में कार्यरत प्रत्यक्ष विक्रेताओं की कुल संख्या (पिछले वित्तीय वर्ष की 31 मार्च तक) | |
| 9 | प्रस्तुत उत्पादों/सेवाओं का विवरण<br>(मूल्य विवरण सहित उत्पाद विवरणिका संलग्न करें)<br>i. ट्रेडमार्क या सेवा चिह्न के साथ अपने उत्पादों या सेवाओं का विवरण, जैसा भी मामला हो<br>ii. ट्रेडमार्क या सेवा चिह्न या अन्य पहचान चिह्नों के धारक या लाइसेंसधारी की हैसियत से बेचे गए उत्पादों या सेवाओं का विवरण जो कंपनी और उसके उत्पादों की पहचान कराता है | |
| 10 | प्रत्यक्ष बिक्री के तरीके<br>i. अपनाई गई विपणन योजना :<br>ii. अपनाई गई पारिश्रमिक योजना :<br>iii. क्या ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अपनाया गया: | |
| 11 | व्यवसाय में निवेश और ट्रेडिंग विवरण नवीनतम उपलब्ध लेखापरीक्षित खातों के अनुसार, अर्थात पिछले वित्तीय वर्ष की 31 मार्च को<br>i. पूंजी भंडार(Capital)<br>ii. चालू संपत्तियों(Current Assets)<br>iii. चालू देयताएं/देयताएं(Current liabilities)<br>iv. अचल संपत्तियों में निवेश(Investment in Fixed Assets)<br>v. चालू परिसंपत्तियों में निवेश (Investment in | |



RajKaj Ref No.: 15131308

eSign DSC

| | | |
|---|---|---|
| | Current Assets)<br>vi. कुल बिक्री कारोबार (Total Turnover)<br>vii. कुल खरीद कारोबार (Total Purchase)<br>viii. सकल लाभ (Gross Profit)<br>ix. शुद्ध लाभ (Net Profit) | |
| **12** | प्रत्यक्ष बिक्री इकाई के उत्पाद या वस्तुओं के संबंध में प्राप्त किए गए अन्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन अनुमति के विवरण (प्रति संलग्न करें) | |
| **13** | लीगल मेट्रोलॉजी के अंतर्गत प्राप्त किए गये लाइसेंस (प्रति संलग्न करें) | |
| **14** | क्या प्रबंधन के किसी भी सदस्य को पिछले 5 वर्षों (आवेदन की तिथि से) के दौरान किसी न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है। यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | |
| **15** | क्या प्रत्यक्ष बिक्री उत्पादों की है या सेवाओं की या दोनों की? | |
| **16** | लाइसेंस, ट्रेडमार्क या मुख्य ब्रांड का विवरण जो कंपनी की पहचान बताता है | |
| **17** | प्रस्तावित उत्पादों/सेवाओं का विवरण (वेबसाइटों का लिंक दें) | |
